an>

Title: Need to give compensation to the families of people who died due to cold in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने एक अत्यन्त लोक महत्व के तात्कालिक प्रश्न पर बोलने की मुझे अनुमति दी है। अभी दिसम्बर का पहला सप्ताह है। लखनऊ से पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार में कोहरे की स्थिति यह हो गयी है कि सारी ट्रेनें पांच-छः घंटे लेट चल रही हैं, जो एयरलाइंस लखनऊ जा रही हैं, वे कैंसल हो रही हैं। इससे भी ज्यादा गम्भीर बात यह है कि ठण्ड से 9 मौतें हो गयीं। सिद्धार्थ नगर के लोहरिणी गांव में, शास्त्री चौक बस्ती में, संतकबीर नगर में, महाराजगंज में, माननीय सांसद जी बैठे हैं, उनके क्षेत्र में, गोरखपुर में ठण्ड से मौत के बावजूद अभी तक उनके परिवार को कोई मुआवजा नहीं मिला है। अलाव जलते हैं, अगर ठण्डक और कोहरा बढ़ जाता है, गलन बढ़ जाती है, लेकिन स्थिति यह है कि राजधानी लखनऊ में भी अलाव नहीं जले हैं। इतने गंभीर मामले में मैं आपके माध्यम से ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि जहां ठण्ड और कोहरे से मौत हो रही हैं, वहां निश्चित तौर से सरकार कोई कदम उठाए, इस दिशा में यहां से निर्देश जाए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट का मामला है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री पंकज चौधरी और

श्री दद्दन मिश्रा को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।